


# Pfizer COVID-19 बूस्टर शॉट्स

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

Pfizer COVID-19 बूस्टर शॉट को पात्र लोगों के लिए अनुशंसित किया जाता है, जिन्होंने छः महीने या उससे पहले Pfizer COVID-19 वैक्सीन की अपनी दूसरी खुराक प्राप्त की है और जिन्हें COVID-19 का संक्रमण होने का ज्यादा जोखिम या COVID-19 की गंभीर बीमारी होने का ज्यादा खतरा होता है, जिनमें 65 वर्ष या इससे अधिक की आयु वाले लोग शामिल हैं। बूस्टर शॉट को Pfizer की दूसरी खुराक के छः महीने या उससे अधिक समय के बाद दिया जाना चाहिए।

### बूस्टर शॉट क्या है?

बूस्टर शॉट ऐसे लोगों के लिए वैक्सीन की एक अतिरिक्त खुराक है, जिनमें टीकाकरण से सुरक्षा का निर्माण हुआ है लेकिन वह सुरक्षा समय के साथ शायद कम हो चुकी हो (इसे वेनिंग इम्यूनिटी कहा जाता है)।

### बूस्टर शॉट किसे मिल सकता है?

निम्नलिखित समूह जिन्हें Pfizer वैक्सीन की दूसरी खुराक मिली है, वे दूसरी खुराक के छः महीने बाद Pfizer बूस्टर शॉट के लिए पात्र हैं:

+ 65 वर्ष या इससे अधिक की आयु वाले लोग
+ जो लोग नर्सिंग होम या अन्य दीर्घकालिक देखभाल सुविधा केंद्र में रहते हैं
+ 18 से 64 वर्ष की आयु के ऐसे लोग जो पहले से ऐसी किसी बीमारी से ग्रस्त हैं जिसके कारण उन्हें गंभीर COVID-19 से संक्रमित होने का खतरा बढ़ जाता है
+ 18 से 64 वर्ष की आयु के ऐसे लोग जिन्हें अपनी नौकरी के कारण (उदाहरण के लिए, स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारी और शिक्षक) या जहाँ वे रहते हैं या अक्सर आते हैं (उदाहरण के लिए, बेघरों के लिए आश्रय) के कारण COVID-19 से संक्रमित होने का ज्यादा जोखिम होता है

### बूस्टर शॉट की सिफारिश क्यों की जाती है?

COVID-19 के कारण होने वाली गंभीर बीमारी, अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु को रोकने के लिए Pfizer का टीका अभी भी बहुत प्रभावी है। हालाँकि, कुछ अध्ययनों से पता चला है कि Pfizer के टीके से संक्रमण से सुरक्षा लगभग छः महीने बाद कम होनी शुरू हो सकती है। बूस्टर शॉट से उन लोगों को अतिरिक्त सुरक्षा मिल सकती है जिन्हें विशेष रूप से हमारे समुदायों में फैल रहे डेल्टा संस्करण की उपस्थिति के चलते COVID-19 से संक्रमित होने का या COVID-19 की गंभीर बीमारी होने का ज्यादा खतरा होता है।

### क्या बूस्टर उन लोगों के लिए उपलब्ध है जिन्हें Moderna या Johnson & Johnson COVID-19 वैक्सीन प्राप्त हुई है?

Pfizer बूस्टर शॉट केवल योग्य लोगों के लिए उपलब्ध है, जिन्हें Pfizer वैक्सीन की पहली दो खुराकें प्राप्त हुई हैं। Pfizer बूस्टर उन लोगों के लिए स्वीकृत नहीं है जिन्हें Moderna या Johnson & Johnson वैक्सीन मिली है।

### कौन सी चिकित्सा स्थितियों से गंभीर COVID-19 बीमारी का खतरा बढ़ जाता है?

गंभीर COVID-19 के जोखिम को बढ़ाने वाली चिकित्सा स्थितियों में मधुमेह, हृदय की स्थितियां, दीर्घकालिक गुर्दे का रोग, दीर्घकालिक फेफड़ों की बीमारी, यकृत रोग, कैंसर,

जारी ▶

मनोभ्रंश, एचआईवी और गर्भावस्था शामिल हैं। पूरी सूची के लिए देखें: cdc.gov/coronavirus/2019-ncov/need-extra-precautions/people-with-medical-conditions.html

**अपने कार्यस्थल या किसी अन्य सेटिंग में COVID-19 से संक्रमित होने का बढ़ा हुआ खतरा किसे है?**

COVID-19 से संक्रमित होने का जोखिम बढ़ा सकने वाली नौकरियों में स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारी, शिक्षक, डे केयर स्टाफ और रेस्तरां और किराने की दुकान के कर्मचारी शामिल हैं। संक्रमित होने के जोखिम में वृद्धि कर सकने वाली अन्य सेटिंग्स में बेघर लोगों के लिए आश्रय और जेल शामिल हैं।

**मुझे कैसे पता चलेगा कि क्या मुझे बूस्टर शॉट की आवश्यकता है?**

अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें यदि आपके मन में यह सवाल है कि आपको बूस्टर शॉट लेना चाहिए या नहीं। यदि आपको प्रदाता खोजने में सहायता की आवश्यकता है, तो 311 पर कॉल करें।

**क्या गर्भवती, स्तनपान कराने वाली या गर्भवती होने की कोशिश करने वाली महिलाओं को बूस्टर मिल सकता है?**

गर्भवती और हाल ही में गर्भवती होने वाली महिलाओं में गैर-गर्भवती महिलाओं की तुलना में COVID-19 की गंभीर बीमारी से संक्रमित होने का खतरा ज्यादा होता है। गर्भवती महिलाओं को COVID-19 का टीका लगाया जाना चाहिए। पात्रता मानदंडों की पूर्ति करने वाली गर्भवती महिलाओं को बूस्टर प्राप्त करना चाहिए।

**बूस्टर शॉट लेने के जोखिम क्या हैं?**

कई लोगों के लिए जिन्हें Pfizer वैक्सीन की दो खुराकें प्राप्त हुई हैं, उन्हें बूस्टर शॉट से होने वाले लाभ हो सकने वाले किसी भी जोखिम से कहीं गुना ज्यादा होते हैं। अब तक, तीसरा शॉट मिलने के बाद प्राप्त प्रतिक्रियाएँ पहली दो खुराकों के बाद प्राप्त होने वाली प्रतिक्रियाओं के समान थीं। थकावट और बांह की पीड़ा सबसे अधिक सूचित किए गए दुष्प्रभाव थे। अधिकांश दुष्प्रभाव हल्के से मध्यम थे। दुष्प्रभाव दुर्लभ होते हैं, लेकिन बूस्टर शॉट के बाद हो सकते हैं।

**क्या बूस्टर शॉट पहली दो खुराकों वाली वैक्सीन के समान ही वैक्सीन है?**

हाँ। Pfizer बूस्टर शॉट पहली दो खुराकों वाले टीके के जैसा ही टीका और खुराक है।

**मुझे बूस्टर शॉट कब लेना चाहिए?**

आपको Pfizer COVID-19 वैक्सीन की अपनी दूसरी खुराक प्राप्त करने के छः महीने या उससे अधिक समय बाद बूस्टर शॉट लेना चाहिए।

**अगर हमें बूस्टर शॉट की आवश्यकता होती है, तो क्या इसका मतलब यह है कि टीके काम नहीं कर रहे हैं?**

नहीं। COVID-19 वैक्सीन गंभीर बीमारी, अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु को रोकने के लिए अच्छी तरह से काम कर रही हैं, यहाँ तक कि व्यापक रूप से फैले COVID-19 डेल्टा संस्करण के खिलाफ भी। हालाँकि, सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों को सुरक्षा में मामूली कमी दिखना शुरू हो रही है, विशेष रूप से कुछ आबादी के बीच।

**मैं प्रतिरक्षादमनकारी हूँ और मुझे तीसरे टीके की खुराक मिली है। क्या मुझे एक बूस्टर शॉट भी लेना चाहिए?**

नहीं। इस समय चौथी खुराक प्राप्त करने की कोई सिफारिश नहीं की गई है। मध्यम से गंभीर प्रतिरक्षादमनकारी लोगों के लिए तीसरी खुराक के बारे में जानकारी के लिए, nychealthandhospitals.org/covid-19-vaccines पर जाएँ।

**मुझे मुफ्त बूस्टर शॉट कहाँ मिल सकता है?**

Pfizer बूस्टर शॉट्स NYC Health + Hospitals सिस्टम के 11 अस्पतालों में उपलब्ध हैं। आपको उसी स्थान पर जाने की आवश्यकता नहीं है जहाँ आपको Pfizer के टीके की पहली दो खुराकें मिली हों। अपने बूस्टर के लिए NYC Health + Hospitals के किसी भी तीव्र देखभाल अस्पताल में जाएँ, covid19.nychealthandhospitals.org/COVIDVaxEligibility पर बूस्टर अपॉइंटमेंट लें या कई भाषाओं में मदद के लिए 1-877-829-4692 पर कॉल करें। Pfizer बूस्टर शॉट्स NYC Health + Hospitals/Gotham Health स्थानों पर उपलब्ध नहीं हैं।

**क्या मुझे अन्य टीकों (जैसे फ्लू वैक्सीन) के साथ-साथ एक बूस्टर शॉट मिल सकता है?**

हाँ। अन्य टीकों के साथ-साथ या उससे पहले या बाद में कभी भी बूस्टर शॉट लेना सुरक्षित है। यदि आपको अभी तक आपका फ्लू शॉट प्राप्त नहीं हुआ है, तो NYC Health + Hospitals के तीव्र देखभाल केंद्र स्थानों पर दोनों उपलब्ध हैं।

**क्या मुझे पूरी तरह से वैक्सीनेटेड होने के लिए बूस्टर शॉट की आवश्यकता है?**

नहीं। दो-खुराक वाले टीके की दूसरी खुराक (जैसे Pfizer या Moderna) के दो सप्ताह बाद या एकल-खुराक Johnson & Johnson के टीके के दो सप्ताह बाद लोगों को पूरी तरह से वैक्सीनेटेड माना जाता है।

**क्या बूस्टर शॉट्स अनिवार्य किए जाएँगे?**

स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों के लिए यू यॉर्क राज्य टीकाकरण अधिदेश केवल पहली और दूसरी खुराक पर ही लागू होता है। अधिदेश में बूस्टर शॉट्स शामिल नहीं हैं।

NYC HEALTH + HOSPITALS

Published: 9/29/2021